**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 06.05.2025**

**थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा लूट करने वाले 02 शातिर लूटेरों को किया गिरफ्तार, गिरफ्तारी के दौरान आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में 01 बदमाश घायल, कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस मय एक अदद खोखा कारतूस मय घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व लूटा गया कुन्डल (पीली धातु) बरामद।**

दिनांक 05-05-25 को वादिया श्रीमती मुन्नी पत्नी श्री निर्मल कुमार निवासी बी-150 ए एचआईजी नन्दग्राम ने सूचना दी की कल दिनांक 04-05-25 को दोपहर के समय 02 अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों द्वारा रास्ते में जाते समय मेरे कान से झपटा मारकर मेरे कान का कुन्डल छीन लिया है। उपरोक्त सूचना पर थाना नन्दग्राम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना नन्दग्राम पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर टीमो का गठन किया गया, चैकिंग के दौरान जरिये मुखबिर सूचना मिली की दिनांक 04-05-25 को महिला के कुन्डल छीनने वाले शातिर लूटेरे दोबारा से घटना करने की फिराक में रोटरी गोलचक्कर की साईड से मो0सा0 से आ रहे है। पुलिस द्वारा बैरिगेट लगाकर चैकिंग की जा रही थी, तभी सामने से मोटरसाइकिल पर आ रहे व्यक्ति को रुकने के लिए कहा गया तो वह तेजी से मोटरसाइकि चलाकर भागने लगे जिन्हे आवश्यक बल प्रयोग कर पकडा गया। जिन्हे मौके पर ही मुकदमा वादिया द्वारा पहचाना गया और बताया कि इन्ही दोनो लडको ने दिनांक 4-5-25 को मेरा कुन्डला लूटा था। दोनो अभि0गण को गिरफ्तार कर थाने लाया गया , जिनके द्वारा पूछताछ में बताया कि हमने लूटा हुआ कुन्डल गौशाला के पास से जो कच्चा रास्ता नीचे जा रहा है, वही एक पेड की आड पन्नी में लपेट कर सुहेब उर्फ सुहेल के द्वारा छिपा रखा है। जिस पर पुलिस द्वारा अभि0 सुहेब उर्फ सुहल को साथ लेकर बरमादगी हेतु अभि0 द्वारा बताये गये स्थान पर आये, अभि0 ने आगे आगे चलकर पेड की आड में छिपे कुंडल को निकालने हेतु नीचे झुका और उसी पेड की आड में पन्नी में पहले से छिपा रखे तमंचे से पुलिस बल के उपर फायरिंग कर दी, जिसको सरेन्डर करने हेतु कहा गया परन्तु अभि0 नही माना तब पुलिस पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्यवाही में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसको घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया।

**अभि0 का नाम व पता-**

1. सुहेल उर्फ सुहेब पुत्र बुन्दाखां निवासी ग्राम रहीसपुर कवि नगर कमि0 गाजियाबाद उम्र करीब 25 वर्ष
2. शकील पुत्र खलील अहमद निवासी सेक्टर-23 संजय नगर थाना मधुबन बापू धाम कमि0 गाजियाबाद उम्र करीब 21 साल

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

अभि0 सुहेल उर्फ सुहेब उपरोक्त के विरुद्ध थाना कविनगर में लूट के 03 अभियोग व गैंगस्टर एक्ट का 01 अभियोग, थाना नन्दग्राम पर लूट का 01 अभियोग , कुल 5 अभियोग पंजीकृत है।

अभि0 शकील उपरोक्त के विरुद्द थाना नन्दग्राम पर लूट का 01 अभियोग पंजीकृत है।

**बरामदगी का विवरण-**

पीली धातु का एक कुन्डल
एक तमंचा .315 बोर,
02 कारतुस .315 बोर, (01 जिन्दा, 01 खोखा)
01 मो0सा0 स्पलेन्डर रंग काला

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम।

**थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना कारित करने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, गिरफ्तारी के दौरान आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में बदमाश घायल एवं कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस मय एक अदद खोखा कारतूस मय घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व 31140/- रूपये बरामद।**

आज दिनांक 05.05.2025 को थाना विजयनगर पुलिस द्वारा डीपीएस फ्लाईऑवर के नीचे चेकिंग की जा रही थी। तभी सामने से मोटरसाइकिल पर आ रहे व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया तो वह मोटर साइकिल को पीछे मोड़कर भागा जिसका पुलिस पार्टी द्वारा पीछा किया गया तो उसके द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जिसमें पुलिस पार्टी द्वारा भी अपनी आत्मरक्षार्थ सिखलाये गये तरीके से फायर किये गये। जिसमें बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अमरजीत पुत्र नन्दकिशोर निवासी म0न0 944 ननकी चौक लक्ष्मण वाली गली थाना विजयनगर गाजियाबाद बताया जिसकी जामा तलाशी से अभियुक्त के पास कुल 31140/- रूपये एवं एक अदद तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस, एवं चोरी की मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया।

**नाम पता अभियुक्त**

अमरजीत पुत्र नन्दकिशोर निवासी म0न0 944 ननकी चौक लक्ष्मण वाली गली थाना विजयनगर गाजियाबाद

**पूछताछ का विवरणः-**

पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि साहब मैं एनसीआर क्षेत्र में मोटर साइकिल की चोरी करके उससे राह चलते व्यक्तियों से उनके मोबाइल पर्स व गले से चैन छीन कर भाग जाता हूं मैने कुछ समय पहले रेलवे स्टेशन एवं सिद्धार्थ विहार से भी चैन लूटी थी। आज भी मैं इसी फिराक में इधर उधर घूम रहा था।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. चोरी मोटर साइकिल UP14FV5449।
2. एक तमंचा 315 बोर , 02 जिन्दा कारतूस , 01 खोखा कारतूस
3. 31140/- रूपये लूट से सम्बन्धित

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद

**स्वाट टीम, क्राइम ब्रांच व थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर में वांछित 25 हजार रूपये का ईनामी/शातिर लुटेरा घायल अवस्था में गिरफ्तार**

आज दिनांकः 06.05.2025 को मुखबिर द्वारा स्वाट टीम क्राइम ब्रान्च को सूचना मिली कि लूटपाट व चैन स्नैचिंग की घटनाओं को करने वाले फैसल गैंग के शातिर अपराधी अरकस, जो गैंगस्टर में वांछित/ईनामी है, ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री एरिया थाना क्षेत्र मुरादनगर में घटना करने की फिराक में आने वाला है। इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए स्वाट टीम, क्राइम ब्रान्च व थाना मुरादनगर पुलिस टीम ने ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री एरिया में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग करने लगे। तभी एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से आता दिखायी दिया, जिसको रूकने का ईशारा किया, परन्तु नहीं रूका तथा मोटरसाइकिल को तेजी से पीछे मोड़ते हुए भागने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई। भागने वाला व्यक्ति पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगा। पुलिस पार्टी द्वारा अपना बचाव करते हुए, बहादुरी का परिचय देते हुए आत्म-रक्षार्थ जबाबी कार्यवाही व न्यूनतम बल का प्रयोग करते हुए फायर किया गया, जिससे वह व्यक्ति घायल होकर गिर गया। जिसको तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। जिसने अपना नाम अरकस पुत्र रियाजुद्दीन निवासी झील वाली मस्जिद के पास, मौहल्ला कच्ची सराय, कस्बा व थाना मुरादनगर, गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष बताया। अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। अभियुक्त से 01 अवैध तमंचा 0.315 बोर, 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस तथा घटनाओं में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। अभियुक्त का प्राथमिक उपचार कर ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त थाना मुरादनगर से गैंगस्टर के अभियोग में वांछित है, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त, ग्रामीण, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा 25 हजार रूपये का नगद पुरूस्कार पूर्व से घोषित है। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पताः-**

अरकस पुत्र रियाजुद्दीन निवासी झील वाली मस्जिद के पास, मौहल्ला कच्ची सराय, कस्बा व थाना मुरादनगर, गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष।

**बरामदगीः-**

1. 01 अवैध तमंचा 0.315 बोर, 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस
2. घटनाओं में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल-01

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

स्वाट टीम, क्राइम ब्रान्च व मुरादनगर पुलिस टीम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

**थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान गाड़ियों के शीशे तोड़कर सामान चोरी करने व मोटर साइकिल चोरी करने वाले पेशेवर 04 अपराधी गिरफ्तार व चोरी की 02 मोटर साइकिल, 01 कारतूस जिन्दा व 02 खोखा, 8500/- रुपये नगद व कारों के शीशे तोड़ने में प्रयोग की जाने वाली गुलेल व लोहे की गोलियाँ बरामद**

आज दिनांक 06.05.2025 को समय करीब 01.20 बजे थानाध्यक्ष क्रॉसिंग रिपब्लिक को चैकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि गाड़ियों के शीशे तोड़कर सामान चोरी करने वाले बदमाश कोई वारदात करने की फिराक में चित्रावन सोसाइटी के पास 01 ऑटो में बैठे हैं तथा उनके पास 02 मोटर साइकिल खडी है । सूचना पर विश्वास कर हमराह पुलिस बल को सूचना से अवगत कराकर मुखबिर के बताये स्थान की तरफ चलने पर लगभग 50 कद दूर से मुखबिर द्वारा बताया गया कि सामने जो ऑटो व मोटर साइकिलें खडी है, इसी ऑटो में चार बदमाश बैठे हैं, बदमाशों को पुलिस के आने का शक होने पर वे निकट खडी हुयी दोनो मोटर साइकिलों पर सवार होकर पुलिस से बचने के लिये चित्रावन सोसाइटी से जल प्लांट रोड़ होते हुये रिछपालगढी की पुलिया की तरफ भागने लगे थानाध्यक्ष द्वारा रिछपालगढी पुलिया पर चेकिंग कर रही टीम को अवगत कराकर सघन चेकिंग करते हुये दोनों मोटर साइकिलों पर सवार बदमाशों को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया और वायरलैस के माध्यम से थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक व कंट्रोल रूम को सूचना देकर आसपास के क्षेत्र में सघन चेकिंग कराने व अतिरिक्त पुलिस बल रिछपालगढी की पुलिया की तरफ भेजने के निर्देश दिये गये और बदमाशों का अपने हमराह पुलिस बल सहित सरकारी वाहन से पीछा किया गया । रिछपालगढी की पुलिया पर चैकिंग टीम द्वारा एवं पीछे से थानाध्यक्ष की टीम द्वारा घेरा बन्दी करने पर बदमाशों द्वारा स्वयं को पुलिस से घिरा हुआ जानकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किये गये । पुलिस बल द्वारा अदम्य साहस का परीचय देकर आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिससे (1) करन जाट उर्फ सोनू पुत्र जगपाल हाल

पता शिवपुरी सैक्टर 09 विजयनगर थाना विजयनगर गाजियाबाद मूल पता विश्वासनगर महाराम महौल्ला गली नं0 - 2 शहादरा दिल्ली (2) अनीस पुत्र अली दराज हाल पता गली नं0 1 सुदामापुरी थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद मूल पता ग्राम रोहिन्दा थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर गोली लगने से घायल हुये और (3) निजाकत अली उर्फ असलम पुत्र अख्तर अली हाल पात शाहबेरी मस्जिद के पास थाना विसरख नौएडा मूल निवासी कंचनपुरी थाना खटीमा रुद्रपुर जनपद उधमसिंहनगर (4) गोविन्द कश्यप उर्फ काले पुत्र जयप्रकाश हाल पता शनी चौक लाल क्वार्टर के पास थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद मूल पता लुखराडा थाना बाबूगढ जनपद हापुड़ को पुलिस द्वारा मौके पर पकड़ लिया गया गहन पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा दिनांक 29.04.2025 को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में 02 कारों के शीशे तोड़कर उनसे लैपटॉप व 45000/- रुपये नकद चौरी किये जाने की घटना कारित करना स्वीकार किया गया व बरामदशुदा दोनों मोटर साइकिलों को क्रमशः थाना सिहानीगेट कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर क्षेत्र से चोरी किया जाना बहताया गया है।

**घटना का विवरणः-**

पूछताछ पर गिरफ्तारशुदा चारो अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि दिनांक 29.04.2025 को ओरबिट प्लाजा के पास खडी 02 गाडियों के शीशे तोड़कर 01 गाडी से लैपटाप व दूसरी गाडी में रखे बैग से 45000/- रुपये व कुछ कागजात चोरी किये गये थे लैपटाप को हिन्डन नदी में फैंक देना व 45000/- रुपये में से बरामदशुदा 8500/- रुपये उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित होना बताया एवं बरामदशुदा पल्सर मोटरसाइकल नं0 UP13BN2921 व मोटरसाइकल अपाचे (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई मोटर साइकिल संख्या UP13BN2921 का वास्तविक नं0 UP14FD0976 होना पाया गया तथा मोटर साइकिल अपाचे (बिना नम्बर प्लेट) का रजिस्ट्रेशन नं0 UP14GN2213 जोकि अभियुक्तगण अनीश तथा करन जाट नाम - पता उपरोक्त ने चोरी करना बताया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

(1) करन जाट उर्फ सोनू पुत्र जगपाल हाल पता शिवपुरी सैक्टर 09 विजयनगर थाना विजयनगर गाजियाबाद मूल पता विश्वासनगर महाराम महौल्ला गली नं0 - 2 शहादरा दिल्ली

(2) अनीस पुत्र अली दराज हाल पता गली नं0 1 सुदामापुरी थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद मूल पता ग्राम रोहिन्दा थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर

(3) निजाकत अली उर्फ असलम पुत्र अख्तर अली हाल पात शाहबेरी मस्जिद के पास थाना विसरख नौएडा मूल निवासी कंचनपुरी थाना खटीमा रुद्रपुर जनपद उधमसिंह नगर

(4) गोविन्द कश्यप उर्फ काले पुत्र जयप्रकाश हाल पता शनी चौक लाल क्वार्टर के पास थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद मूल पता लुखराडा थाना बाबूगढ जनपद हापुड़

**बरामदगी का विवरण–**

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक टीम द्वारा उपरोक्त चारो अभियुक्तों से 02 अदद नाजायज तमंचा .315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 01 अदद कारतूस जिंदा 315 बोर, कार का शींशा तोड़ने के लिये प्रयोग में लायी गयी गुलेल 03 अदद, लोहे की गोलनुमा गोली खुली हुयी व 03 पैकेट बन्द, 01 मोटर साइकिल पल्सर चोरी की व एक आटो घटना कारित करने में प्रयोग किया हुआ व 01 मोटर साइकिल अपाचे चोरी की बरामद की गयी।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -**

(1) करन जाट उर्फ सोनू उपरोक्त पर कुल 13 मुकदमें चोरी व अवैध आगनेआस्त्रो से सम्बन्धित अलग अलग थानों में पंजीकृत है।

(2) अनीस उपरोक्त पर कुल 15 मुकदमें चोरी व अवैध आगनेआस्त्रो से सम्बन्धित अलग अलग थानों में पंजीकृत है।

(3) निजाकत अली उर्फ असलम उपरोक्त पर कुल 02 मुकदमें चोरी के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर पंजीकृत है

(4) गोविन्द कश्यप उर्फ काले उपरोक्त पर कुल 04 मुकदमें चोरी के अलग अलग थानों में पंजीकृत है

। अन्य अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम

## **साइबर सेल थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई 63,000/- रुपये की धनराशि वापस कराई गई।**

दिनांक 26.04.2025 को वादी श्री विजय माथुर निवासी वैभव खण्ड थाना इन्दिरापुरम से साइबर ठगों द्वारा मिल्क बास्केट से रिफण्ड के नाम पर वादी के सेविंग बैंक अकाउण्ट से 63,000/- धनराशि का साइबर फ्रॉड कर लिया गया था।

साइबर क्राइम अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर सेल थाना इन्दिरापुरम गाजियाबाद को NCRP पोर्टल के माध्यम से वादी श्री विजय माथुर निवासी वैभव खण्ड थाना इन्दिरापुरम के साथ 63,000/- रुपये की ऑनलाइन ठगी से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिस पर साइबर सेल थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए वादी के साथ हुई ऑनलाइन ठगी की धनराशि को होल्ड कराया गया व अथक प्रयासों के बाद आज दिनांक 06.05.2025 को वादी के साथ हुई साइबर फ्रॉड की धनराशि को वापस कराया गया।

**कार्यवाही करने वाली पुलिस टीमः-**

साइबर सेल थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम।

## **थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा मारपीट करने के अभियोग में वाँछित एक अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 30.04.2025 को थाना टीलामोड़ पर वादी नरेश कुमार त्यागी पुत्र स्व0 श्री मीना सिंह द्वारा लिखित तहरीर दी और बताया कि मेरे पड़ोसी उपेन्द्र त्यागी व उसके लड़के अभिषेक व अंकित त्यागी तथा अन्य लोगों ने मेरे और मेरे परिवारीजन के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट कर घायल व फायरिंग करने के सम्बन्ध में थाना टीलामोड़ पर धारा 109(1)/191(2)/191(3)/190/115(2)/352/351(3) बी0एन0एस0 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके क्रम में आज दिनांक 06.05.2025 को थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर मारपीट के अभियोग में वाँछित अभियुक्त अभिषेक त्यागी पुत्र उपेन्द्र त्यागी निवासी ग्राम असालतपुर फर्रूखनगर थाना टीलामोड़ गाजियाबाद उम्र करीब 30 वर्ष को त्यागी चौक ग्राम फर्रूखनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक त्यागी पुत्र उपेन्द्र त्यागी उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक त्यागी पुत्र उपेन्द्र त्यागी उपरोक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि वादी नरेश कुमार त्यागी पुत्र स्व0 श्री मीना सिंह निवासी ग्राम असालतपुर फर्रुखनगर थाना टीलामोड़ गाजियाबाद और अभियुक्त उपरोक्त के परिवार के मध्य गोबर डालने को लेकर विवाद था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

अभिषेक त्यागी पुत्र उपेन्द्र त्यागी निवासी ग्राम असालतपुर फर्रूखनगर थाना टीलामोड़ गाजियाबाद उम्र करीब 30 वर्ष।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक त्यागी पुत्र उपेन्द्र त्यागी उपरोक्त के विरुद्ध थाना टीलामोड़ पर मारपीट करने से सम्बन्धित 02 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना टीलामोड़ पुलिस टीम।